# अध्याय – 05 | जीवन की मौलिक इकाई

## QUIZ-05

**1. अंतर्द्रव्यी जालिका (ER) किस प्रकार की संरचना है?**
A. झिल्ली युक्त नलिकाओं और थैलियों का तंत्र
B. DNA और प्रोटीन का तंत्र
C. केवल तरल से भरा हुआ थैला
D. लिपिड से बनी परत (A)

*व्याख्या :* ER झिल्ली युक्त लंबी नलिकाओं और आयताकार थैलियों का एक बड़ा तंत्र है।

**2. खुरदरी अंतर्द्रव्यी जालिका (RER) पर कौन-से कण पाए जाते हैं?**
A. DNA B. राइबोसोम
C. लाइसोसोम D. क्लोरोप्लास्ट (B)

*व्याख्या :* RER पर राइबोसोम पाए जाते हैं, जिनके कारण यह खुरदरी दिखाई देती है और प्रोटीन संश्लेषण करती है।

**3. चिकनी अंतर्द्रव्यी जालिका (SER) का प्रमुख कार्य क्या है?**
A. प्रोटीन संश्लेषण
B. वसा एवं लिपिड का निर्माण
C. आनुवंशिक सूचना का संरक्षण
D. पाचक एन्ज़ाइमों का निर्माण (B)

*व्याख्या :* SER वसा और लिपिड अणुओं के निर्माण में सहायक होती है।

**4. गॉल्जी उपकरण की खोज किसने की थी?**
A. रॉबर्ट ब्राउन B. कैमिलो गॉल्जी
C. श्लाइडन D. विर्चो (B)

*व्याख्या :* गॉल्जी उपकरण की खोज वैज्ञानिक कैमिलो गॉल्जी ने की थी।

**5. गॉल्जी उपकरण का मुख्य कार्य क्या है?**
A. ATP का निर्माण
B. पदार्थों का संचयन, रूपांतरण और पैकेजिंग
C. प्रोटीन संश्लेषण
D. DNA की प्रतिकृति (B)

*व्याख्या :* गॉल्जी उपकरण ER में बने पदार्थों को संशोधित कर उनका पैकेजिंग और परिवहन करता है।

**6. लाइसोसोम को किस नाम से जाना जाता है?**
A. कोशिका की ऊर्जा गृह B. कोशिका का मस्तिष्क
C. कोशिका की आत्मघाती थैली
D. कोशिका का संरचनात्मक ढांचा (C)

*व्याख्या :* लाइसोसोम पाचक एन्ज़ाइमों से भरे होते हैं और क्षतिग्रस्त कोशिका को स्वयं पचाकर नष्ट कर देते हैं। इसलिए इन्हें आत्मघाती थैली कहते हैं।

**7. लाइसोसोम में कौन-से एन्ज़ाइम पाए जाते हैं?**
A. प्रकाश संश्लेषक एन्ज़ाइम
B. पाचक एन्ज़ाइम
C. ATP संश्लेषक एन्ज़ाइम
D. DNA पोलिमरेज़ (B)

*व्याख्या :* लाइसोसोम में पाचक एन्ज़ाइम पाए जाते हैं जो जटिल पदार्थों को सरल में तोड़ते हैं।

**8. लाइसोसोम का निर्माण किसके द्वारा होता है?**
A. RER B. SER
C. गॉल्जी उपकरण D. राइबोसोम (C)

*व्याख्या :* गॉल्जी उपकरण के द्वारा लाइसोसोम का निर्माण किया जाता है।

**9. चिकनी अंतर्द्रव्यी जालिका (SER) यकृत कोशिकाओं में किस कार्य में सहायक है?**
A. प्रकाश संश्लेषण
B. दवाओं और विषैले पदार्थों का निष्क्रियकरण
C. ATP का उत्पादन
D. प्रोटीन का निर्माण (B)

*व्याख्या :* SER यकृत की कोशिकाओं में वसा चयापचय और दवाओं व विषैले पदार्थों के निष्क्रियकरण में सहायक है।

**10. जब कोशिका क्षतिग्रस्त या मृत हो जाती है, तो लाइसोसोम क्या करते हैं?**
A. ATP का निर्माण करते हैं
B. प्रोटीन संश्लेषण करते हैं
C. स्वयं फटकर पूरी कोशिका को पचा देते हैं
D. DNA संरक्षित करते हैं (C)

*व्याख्या :* कोशिका के क्षतिग्रस्त या मृत होने पर लाइसोसोम फट जाते हैं और एन्ज़ाइम पूरी कोशिका को पचाकर नष्ट कर देते हैं।

मिशन ज्ञान
जब चाहे, जहाँ चाहे, जैसे चाहे!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES
Download Mission Gyan App